# रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी सरकार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 23 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र स्पेस टेक नीति-2026 राज्य की वैज्ञानिक और खगोलीय विरासत को फ्यूचर रेडी टेक्नॉलोजिकल लीडरशिप में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.**



यह नीति नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगी. इससे मध्यप्रदेश भारत की नई अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य स्पेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप-टेक जैसे उभरते सेक्टर्स में निवेश को प्रोत्साहित करना, उच्च-कौशल रोजगार सृजित करना और मध्यप्रदेश को एक अग्रणी स्पेस टेक हब के रूप में स्थापित करना है. ऐतिहासिक रूप से प्राचीन भारत का ग्रीनविच कहे जाने वाले उज्जैन डोंगला की खगोलीय विरासत को आधुनिक विज्ञान और एआई तकनीक से जोड़कर राज्य को अंतरिक्ष अनुसंधान के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा.

नीति के तहत डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव, प्रोटो टाइप विकास अनुदान, बौद्धिक संपदा आईपी प्रतिपूर्ति सहायता और स्टार्ट-अप और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए संरचित मैचिंग-फंड मॉडल शामिल किया गया है. नीति का क्रियान्वयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाएगा, जिसमें एमपीएसईडीसी नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी.

### पूंजी निवेश पर 40% तक अनुदान

नीति में इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और अनुसंधान एवं विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है. इसके तहत स्पेस टेक मैन्युफैक्चरिंग पार्क, पर्यावरणीय एवं ईएमआई/ ईएमसी परीक्षण सुविधाएं, प्रणोदन एवं वाइब्रेशन परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम तथा सैटेलाइट सिमुलेशन, एआई मॉडलिंग और बिग-डेटा एनालिटिक्स के लिए उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे. पात्र स्पेस-ग्रेड अधोसंरचना के लिए 40% तक पूंजी अनुदान और फोकस सेक्टर्स के लिए प्रोत्साहन का भी प्रावधान किया गया है.

मुख्यमंत्री ने मप्र स्पेस टेक नीति-2026 का शुभारंभ हाल ही में मप्र क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 में किया था. स्पेस टेक नीति-2026 एक समग्र और एंड-टू-एंड तकनीकी ढांचा प्रदान करती है, जिसमे अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी चरणों का विकास किया जाएगा. नीति में उपग्रह एवं प्रक्षेपण यान निर्माण, प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स, उन्नत सामग्री, असेंबली-इंटीग्रेशन-टेस्टिंग,मिशन संचालन, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस एवं एआई-आधारित उपग्रह डेटा विश्लेषण को शामिल किया गया है.

## उड़ीसा से लाई गई युवती के सौदे का आरोप

**भिण्ड.** जिले के लहार क्षेत्र में युवतियों को बाहर से लाकर सौदाकर बेचने का मामला एक बार फिर सामने आया है. जैतपुरा गांव में उड़ीसा से लाई गई एक युवती को उसकी मर्जी के बिना बेचने का प्रयास किए जाने का आरोप है. ग्रामीणों की सतर्कता और युवती के साहस से यह साजिश नाकाम हो गई. बताया गया है कि उड़ीसा की युवती मदद के लिए असवार थाने पहुंची थी, लेकिन प्रारंभिक स्तर पर उसकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. इससे नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 552 पर चक्काजाम कर दिया. सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी और तहसीलदार दीपक शुक्ला मौके पर पहुंचे.

# ध्वज फहराने के लिये 9 मंत्रियों के जिले बदले

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 23 जनवरी. गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिला मुख्यालय में होने वाले मुख्य समारोह में ध्वज फहराने के लिये 9 मंत्रियों के जिले बदल दिये गये हैं.**



कुछ मंत्रियों ने प्रभार के बजाय गृह जिले में ध्वज फहराने का आग्रह किया था, उसके बाद मंत्रियों के जिले बदल दिये गये हैं. मंत्री कुंवर विजय शाह अब खंडवा जिले में ध्वज फहराएंगे, वहीं उदयप्रताप सिंह नरसिंहपुर, एदल सिंह कंसाना मुरैना, चेतन्य काश्यप रतलाम, इंदर सिंह परमार पन्ना जिले में ध्वज फहराएंगे. इसी तरह राज्य मंत्रियों में कृष्णा गौर अब सीहोर, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी दमोह, प्रतिमा बागरी सतना और राधा सिंह सिंगरौली में होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि होंगी. वहीं कटनी, दतिया, राजगढ़, मैहर, सीहोर और डिंडोरी में कलेक्टर ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे.

## एक नजर में

### 3 माह से नहीं मिला कर्मचारियों को वेतन

**खंडवा.** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है. 2018 से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की, लेकिन अब वेतन नहीं मिलने से जीवन-यापन संकट में है. कॉलेज प्रशासन का कहना है कि आउटसोर्सिंग के तहत केवल हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मियों के पद स्वीकृत हैं, जबकि मल्टी-टास्किंग स्टाफ के लिए पद स्वीकृत नहीं होने के कारण नवंबर माह से वेतन रोका गया है.

### नेमावर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौत

**इंदौर.** नेमावर रोड स्थित प्रभु तौल कांटा के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई. घटना देर रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है. आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 51 वर्षीय राजेन्द्र के रूप में हुई है. वह नेमावर रोड पर प्रभु तौल कांटा के पास मौजूद था, तभी ट्रक नम्बर एमपी 09 एचजी 2508 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई.

# मध्यप्रदेश में 24 घंटे में बारिश का अलर्ट

### कोहरे के साथ तापमान में गिरावट की आशंका

**भोपाल,23 जनवरी. मध्यप्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. उत्तर प्रदेश और हिमालयी राज्यों में बर्फबारी के बाद सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब प्रदेश के मौसम पर भी दिखने लगा है.**




अगले 24 घंटे के भीतर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें होने की संभावना है. मौसम विभाग ने ग्वालियर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में नरमी बनी रहेगी. गुरुवार को राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहे. धूप कमजोर होने से गर्मी का असर कम रहा और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.

अधिकतम तापमान में ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में सामान्य से 3.4ए डिग्री से 3.9 ए डिग्री तक अधिक रहा, जबकि भोपाल, उज्जैन, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में 1.9 ए डिग्री से 3.0 ए डिग्री तक अधिक तापमान दर्ज किया गया. खासकर चंबल संभाग में 5.0 ए डिग्री तक खास वृद्धि दर्ज हुई.उत्तर पाकिस्तान एवं आसपास के क्षेत्र में निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है, जो 9.4 किमी की ऊंचाई तक विस्तृत चक्रवातीय परिसंचरण के साथ उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर झुका हुआ है.

# एमपी में संस्थागत रूप ले चुका भ्रष्टाचार

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,23 जनवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार अब केवल आरोप तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक तरह की खुली स्वीकारोक्ति बन चुका है.**

डॉ. नायक ने जिला कलेक्टरों के साथ हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव के कथित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यह कहा गया है कि प्रशासनिक कार्य बिना पैसे के नहीं होते, तो यह विपक्ष का आरोप नहीं बल्कि राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी से जुड़ा वक्तव्य है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता. उन्होंने कहा कि यह बयान प्रशासन में गहराई तक फैले भ्रष्टाचार को उजागर करता है. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कलेक्टर स्तर पर काम के लिए रिश्वत देनी पड़ती है, तो आम नागरिक न्याय की उम्मीद कैसे कर सकता है और राज्य सरकार अब तक क्या कर रही थी. साथ ही उन्होंने भूमि, रेत, शराब, खनन और तबादला-पोस्टिंग से जुड़े मामलों में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए.




डॉ. नायक ने पूरे राज्य में प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जांच, कलेक्टरों के खिलाफ आरोपों की स्वतंत्र जांच, मुख्य सचिव के बयान पर मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया और प्रशासन को अधिक जन-केन्द्रित बनाने के लिए व्यापक सुधारों की मांग की. डॉ. नायक ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कई जिलों में कलेक्टरों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने कलेक्टर के तबादले से जुड़े तीन करोड़ रुपये की कथित रिश्वत का हवाला दिया और भिंड में कलेक्टर व भाजपा विधायक के बीच अवैध वसूली को लेकर सार्वजनिक विवाद का उल्लेख किया.

# सीएस ने अधिकारियों को दिलायी शपथ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 23 जनवरी. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की मंत्रालय सहित सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलायी.**

शपथ में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग , जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी.



### संध्या-छाया का आज लोकार्पण करेंगे सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जनवरी को प्रात: 11 बजे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नव निर्मित सर्व सुविधायुक्त, सशुल्क वृद्धाश्रम संध्या-छाया का पत्रकार कॉलोनी लिंक रोड न. 3 भोपाल में लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकार्पण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्पर्श मेला-2026 के विजेताओं को पुरस्कार तथा सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों 327 करोड़ की राशि अंतरित करेंगे.

# गणतंत्र दिवस पर चलेंगी 2-2 ट्रिप स्पेशल ट्रेनें

पश्चिम मध्य रेलवे ने लिया निर्णय

**भोपाल, 23 जनवरी. गणतंत्र दिवस के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल-हजरत निजामुद्दीन-भोपाल के बीच 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.**

यह स्पेशल ट्रेन 24, 25, 26 एवं 27 जनवरी 2026 को संचालित होगी. गाड़ी संख्या 02155 भोपाल से हजरत निजामुद्दीन के लिए 24 एवं 26 जनवरी को रात 8 बजे भोपाल स्टेशन से प्रस्थान करेगी. यह बीना, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट और मथुरा में ठहराव के बाद अगले दिन सुबह 7:20 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 02156 हजरत निजामुद्दीन से 25 एवं 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे प्रस्थान करेगी. यह मथुरा, आगरा कैंट, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी और बीना में ठहरेगी.

# भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त से 27 वीं मौत

## 21 दिसंबर से 23 जनवरी तक मौतों का सिलसिला नहीं थमा

## अस्पताल में 10 मरीज भर्ती हैं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 23 जनवरी. भागीरथपुरा इलाके में उल्टी दस्त की बीमारी से शुक्रवार को दो और मरीज की मौत हो गई. स्थानीय स्तर पर इसे दूषित पानी से जुड़ी 27 वीं मौत बताया जा रहा है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग इन मौतों को सीधे तौर पर दूषित पानी से जोड़ने से इनकार कर रहा है.**

विभाग का कहना है कि मृतकों में अधिकांश पहले से अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे. जानकारी के अनुसार भागीरथपुरा में रहने वाले 63 वर्षीय बद्री प्रसाद को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि बद्री प्रसाद टीबी की बीमारी से भी पीड़ित थे. इसी तरह यहीं शुक्रवार को 82 वर्षीय विद्या बाई की भी मौत हो गई. मृतक के बेटे का कहना है कि उन्हें 10 जनवरी को उल्टी दस्त की शिकायत थी, जिसका इलाज घर पर ही चल रहा था, मगर मंगलवार को कमजोरी के चलते वह बाथरुम में गिर गई थी. जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती किया था, जांच में पता चला कि उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी, मगर उम्र अधिक होने के कारण सर्जरी नहीं हो सकी थी. जिसके चलते उन्हें घर ले आए थे. गुरुवार की रात जब तबीयत बिगड़ी तो उन्हें अरविंदो अस्पताल ले गए थे, जहां उनकी दो घंटे बाद ही मौत हो गई. इस मौत के बाद इलाके में अब तक 27 लोगों की जान जाने की बात सामने आ रही है.

भागीरथपुरा में उल्टी दस्त के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी माधव हसानी ने बताया कि सभी मामलों की निगरानी की जा रही है. उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों में अधिकांश पहले से दूसरी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं. मौतों के कारणों का मेडिकल रिकॉर्ड और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आंकलन किया जा रहा है.

वर्तमान में अरविंदो अस्पताल में 10 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और वह वेंटिलेटर पर है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, भर्ती मरीजों में से 8 लोग पहले से अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं.

## कार्यशाला: कांग्रेस की विचारधारा न्याय और सामाजिक समरसता पर आधारित

# शिविर का उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना है

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,23 जनवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को ग्वालियर चंबल संभाग की एक दिवसीय कार्यशाला 'नवसृजन संकल्प' के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया.**



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को वैचारिक दिशा प्रदान करना रहा. कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव एवं सांसद संजना जाटव, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, लाखन सिंह यादव सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विधायक, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष तथा संगठन के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

प्रशिक्षण शिविर के दौरान संगठन निर्माण, कार्यकर्ताओं की भूमिका, आगामी राजनीतिक चुनौतियों और जन मुद्दों पर सतत संघर्ष को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. पटवारी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के लिए मजबूती से संघर्ष करें और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएँ.

सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा न्याय में गहराई से निहित है और यह धर्मनिरपेक्षता, प्रेम, करुणा, एकता तथा सामाजिक न्याय के मूल्यों पर आधारित है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाने और अंतिम सांस तक इसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है. पटवारी ने बताया कि नवसृजन संकल्प शिविर का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष तक सशक्त बनाना है. उन्होंने पंचायत, वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय, संवेदनशील और संघर्षशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और मजबूत संगठन के माध्यम से ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14